Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 21-12-2005

Participants : Rana Shri Kashi Ram

an>

Title : Need to upgrade existing T.V. transmitter at Surat, Gujarat and provide F.M. service for the benefit of the people of the region.

श्री काशीराम राणा (सूरत) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सूरत की आबादी 40 लाख से ज्यादा हो गयी है, परन्तु यहां पर दूरदर्शन के कार्यक्रम का प्रसारण स्पट रूप से लोग देख नहीं पाते हैं और सूरत के कई ग्रामीण क्षेत्र दूरदर्शन के कार्यक्रम को देखने में असमर्थ हैं। सूरत गुजरात का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र है और आसपास के जिलों में आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जिनके पास मनोरंजन के साधन नहीं हैं। इसलिए सूरत के दूरदर्शन केन्द्र की प्रसारण क्षमता को बढ़ाना अतिआवश्यक है। यहां पर एलपीटी संयंत्र लगने का जो प्रावधान है उसको बढ़ाकर एचपीटी संयंत्र लगाया जाये, जिससे दूरदर्शन के प्रोग्रामों से लोग मनोरंजन सुविधा प्राप्त कर सकें। साथ ही साथ देश में आधुनिक किस्म का एफ.एम प्रसारण भी मेरे संसदीय क्षेत्र सूरत में किया जाना अतिआवश्यक है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सूरत में दूरदर्शन की प्रसारण क्षमता का अपग्रेड किया जाये और सूरत में एफएम सेवा तत्काल उपलब्ध करायी जाये।